कूट :

	1	2	3
(a)	C	B	A
(b)	A	B	C
(c)	B	A	C
(d)	A	C	B

स्टोनोग्राफर भर्ती परीक्षा 2019 (2 मार्च, 2021)
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : सही सुमेलित है–

पशु प्रजनन केन्द्र		**नस्ल**
डग	–	मालवी
चंदन	–	थारपारकर
नोहर	–	राठी

1836. इनमें से कौन सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) जवाई बांध – पाली
(b) राणाप्रताप सागर बाँध – चित्तौड़गढ़
(c) उम्मेद सागर बाँध – भीलवाड़ा
(d) बजाज सागर बाँध – डूंगरपुर

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c & d) : उम्मेद सागर बाँध जोधपुर जिले में स्थित है। इस बाँध का निर्माण जोधपुर के तत्कालीन शासक महाराजा उम्मेद सिंह ने करवाया था। बजाज सागर बाँध राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित है। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं।

1837. केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है?
(a) नागौर (b) अंबिकानगर (अविकानगर)
(c) जैसलमेर (d) अलवर

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा-2019
कनिष्ठ अभियंन्ता (सिविल)-2020
कनिष्ठ अभियंन्ता (यंत्रिक)-2020
पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड III-2018(Ex. Dt. 19-09-2020)
JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (b) : केन्द्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1962 ई. में अविकानगर (भानपुरा) में हुई थी। इसका उद्देश्य नई तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से भेड़ और खरगोश पर अनुसंधान और प्रशिक्षण की गतिविधियों पर कार्य करना है।

1838. भेड़ की सोनाड़ी प्रजाति अधिकांशतः राजस्थान के निम्न में से किन जिलों में पाई जाती है?
(a) जैसलमेर, भरतपुर, बाड़मेर
(b) उदयपुर, डूँगरपुर, भीलवाड़ा
(c) जयपुर, जोधपुर, टोंक
(d) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (b) : भेड़ की सोनाड़ी प्रजाति अधिकांशतः राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ तथा बांसवाड़ा जिलों में पायी जाती है। इस भेड़ के कान सपाट और लटके हुए होते हैं। ऊन अत्यंत मोटे, रोएंदार एवं सफेद होता है। पेट तथा पैर ऊन रहित होता है।

1839. राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान केंद्र कहाँ स्थित है?
(a) बाड़मेर (b) नागौर
(c) बीकानेर (d) जैसलमेर

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (c) : राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान केंद्र बीकानेर में स्थित है। इस अनुसंधान केंद्र की स्थापना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशन में 5 जुलाई 1984 को बीकानेर में ऊँट पर एक परियोजना निदेशालय के दौरान की गई थी तथा 20 सितंबर, 1995 में इसे राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केंद्र घोषित किया गया था।

1840. बरबरी एक प्रजाति है–
(a) भेड़ (b) बकरी
(c) ऊँट (d) गधा

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018
Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (b) : बरबरी, बकरी की एक प्रजाति है। बरबरी बकरी मध्यम आकार तथा छोटे कद की होती है, लेकिन इसका शरीर गठीला होता है। बरबरी बकरी का पालन मांस और दूध उत्पादन के लिए किया जाता है।

1841. राजस्थान में कौन से पशु का गिरावट का दौर है?
(a) घोड़ा (b) ऊँट
(c) भेड़ (d) बकरी

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (b) : 20वीं पशुधन गणना 2019 के अनुसार कुल पशुधन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान का दूसरा स्थान है। इस पशुधन गणना रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में ऊँट एवं गधों की संख्या में गिरावट जारी है। ऊँटों की संख्या में 34.69% तथा गधों की संख्या में 71.31 प्रतिशत की कमी हुई है।

1842. कौन सी गाय की नस्ल नहीं है?
(a) थारपारकर (b) गिर
(c) मुर्रा (d) राठी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक भर्ती परीक्षा -2019
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (c) : मुर्रा भैंस की नस्ल है। राजस्थान में भैसों की नस्लों में मुर्रा नस्ल की भैंसे अधिक दूध देती है। थारपारकर, गिर, राठी गाय की प्रमुख नस्लें हैं।

1843. राजस्थानी ऊँट का वैज्ञानिक नाम है-
(a) केमेलस ड्रोमेडेरियस
(b) केमेलस बेक्टिरियस
(c) केमेलस डेजर्टियस
(d) केमेलस यूरोपा

प्रयोगशाला सहायक -2018 (03 फरवरी 2019)
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (a) : राजस्थानी ऊँट का वैज्ञानिक नाम केमेलस ड्रोमेडेरियस है। इसे वर्ष 2014 में राजस्थान का राज्य पशु घोषित किया गया। वर्ष 2016 में ऊँट विकास योजना प्रारम्भ की गयी। ऊँट बिना कुछ खाये-पीये 5–7 दिन तक रह सकता है। यह एक शाकाहारी जानवर है।

1844. नवीनतम पशुधन गणना के अनुसार, भारत के सभी राज्यों में, बकरी की आबादी में राजस्थान का स्थान है-
(a) तीसरा (b) प्रथम
(c) दूसरा (d) चौथा

Agriculture Superviser 2021